## खास-खबरें

### धार जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

पीथमपुर। धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार के द्वारा धार जिला कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन पदाधिकारी विधायक पार्षद सरपंच पंच को आमंत्रित कर कांग्रेस के प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल के चुनाव की रणनीति तैयार करने हेतु एवं अपने-अपने सुझाव देने हेतु आमंत्रित किया गया था । जिसमें सभी पदाधिकारी विधायक गण मौजूद थे। सरदारपुर कुक्षी पीतमपुर मनावर बदनावर नागदा गंधवानी बाग टांडा धार महू धामनोद धर्मपुरी के कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह नीमखेड़ा निर्मल मेहता कमल किशोर पाटीदार महिला कांग्रेस की रीना मारू बदनावर दरबार हरि सिंह विधायक हनी बघेल विधायक सरदारपुर प्रताप ग्रेवाल पूर्व विधायक पाची लाल मेडा पीतमपुर नगर अध्यक्ष बंशी वर्मा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल पूर्व नगर अध्यक्ष जगदीश सेन धार अध्यक्ष टोनी छाबड़ा लियाकत पटेल सुनील सांखला डॉ हेमंत हेमंत हीरो ले मोनिका सोलंकी अजय सोलंकी अनुसूची जनजाति के प्रदेश कार्यकारिणी पूर्व सदस्य सीताराम गोयल पार्षद प्रेम पाटीदार कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद रघुवंशी आनंद राम करोल एडवोकेट विजय शर्मा महेश पाटीदार राजेश पटेल राजेश डोड राजेश राठौर राम चौहान अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे सभी ने अपने विचार रखे सुझाव दिए। जिला अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार ने सबको आश्वासन दिया गंभीरता से विचार कर सभी विधानसभा के लिए कार्यक्रम बनाया जाएगा।

### मतदाताओं को जागरुकता अभियान का संदेश दिया

**गंजबासौदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ( नोडल अधिकारी ) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विदिशा डॉक्टर योगेश भरसट सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एसडीएम विजय राय द्वारा शा.उ.मा. वि. त्योंदा में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत पोस्टर निर्माण और रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता अभियान का संदेश दिया एवं कलेक्टर द्वारा स्कूल में छात्र/छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरूस्कृत किया।

### युवक ने गटका कीटनाशक

**शाजापुर।** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने कीटनाशक गटक लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सारंगपुर निवासी सुनील पिता रामसिंह ने बुधवार सुबह अज्ञात कारणों की वजह से कीटनाशक का सेवन कर लिया। स्वास्थ्य बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार हेतु सारंगपुर अस्पताल लेकर गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को शाजापुर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। युवक का फिलहाल शाजापुर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरुकता और सतर्कता जरूरी : प्रवीण सिंह

**सीहोर।**



तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन और डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से सायबर अपराध भी बढ़ते जा रहे हैं। खुद को साइबर ठगों से बचाने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता व सतर्कता कई बार मन में आने वाले लालच और लापरवाही के कारण साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। यह बात कलेक्टर प्रवीण सिंह ने चन्द्रशेखर आजाद शासकीय पीजी कॉलेज में आयोजित सायबर जागरूकता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कही।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि दुनिया भर में विविध प्रकार के साइबर अपराध सामने आए है, और कुछ उल्लेखनीय उदाहरण ईमेल धोखाधड़ी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, रैंसमवेयर हमले, साइबर जासूसी, पहचान की चोरी, क्लिकजैकिंग और स्पाइवेयर जैसे कई अपराध शामिल हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बिना परिश्रम के कुछ भी नही मिलता। कई बार मुफ्त ईनाम मिलने, लॉटरी लगने, बिना किसी प्रक्रिया के पांच मिनट में लोन मिलने, बड़ी कम्पनी में नौकरी दिलाने आदि प्रकार के एसएमएस, ई-मेल और अन्य माध्यमों से आने वाले संदेशों के बहकावे में आकर अपनी पूंजी गवाने के साथ ही सायबर अपराधयों द्वारा अन्य प्रकार से किये जाने वाले शोषण का शिकार बन जाते हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा की साइबर क्राइम से बचने का एक ही उपाय है सायबर जागरूकता और सतर्क रहें, जानकार बने और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात नंबर से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। उन्होंने कहा कि अपने डेटा को सुरक्षित रखें। अपने मोबाईल, कंप्यूटर, डिवाइस, नेटवर्क और डेटा तक अनधिकृत पहुंच को रोकने के लिए। पासवर्ड या पिन सुरक्षा का उपयोग करके अपने सभी उपकरणों को सुरक्षित रखें।

**मतदान अधिकार भी है और कर्तव्य भी है:** कलेक्टर श्री सिंह ने मतदान करने वाले छात्रों से कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रत्येक मतदाता का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है। किसी लालच या नशा आदि के प्रभाव तहत वोट ना डालें बल्कि सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुने। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान करना आपका अधिकार भी है और कर्तव्य भी है। कलेक्टर ने सभी युवा मतदाताओं से मतदान की अपील की तथा मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी एवं सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## सोशल मीडिया पर गाइड लाइन अनुसार करें पोस्ट : जिला मजिस्ट्रेट वैद्य

**विदिशा ( निप्र )।** लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कतिपय राजनीतिक, असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, वॉटसएप, ट्विटर इत्यादि का दुरूपयोग कर सांप्रदायिक, धार्मिक तथा जातिगत विद्वेष पहुचाने संबंधी दुर्भावना पूर्ण पोस्ट करने की सूचनाएं प्राप्त होती रही है।



ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि लोकसभा निर्वाचन की अवधि अंतर्गत सामान्य व्यक्तियों, असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साम्प्रदायिक तथा जातिगतविद्वेष, दुर्भावनापूर्ण संदेशों को पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के उपयोग के संबंध में धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश के अंतर्गत निर्वाचन से संबंधित राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों के बारे में प्रचार-प्रसार संबंधी लेख, जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति के प्रमाणन के पश्चात ही अपलोड किए जाएं। आमजन, राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं शासकीय सेवकों द्वारा भी सोशल मीडिया में आदर्श आचार संहिता के निर्देशों के अधीन रहते हुये लेख, वीडियों अपलोड किए जाएं। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे वाट्सएप, फेसबुक, हाईक, एक्स, एसएमएस, इस्ट्राग्राम, इत्यादि का दुरूपयोग कर जातिगत, धार्मिक, सामाजिक भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने, उत्तेजित करने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण, फारवर्ड नही करेगा। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फेटो, आडियो वीडियो इत्यादि भी सम्मिलित है, जिसमें धार्मिक, जातिगत, सामाजिक आदि भावनाएं भड़क सकती है, या सांप्रदायिक विद्वेष उत्पन्न होता है, को न ही प्रसारित करेगा और न ही भेजेगा।

## रायसेन में नगर पालिका द्वारा निकाली मतदाता जागरुकता रैली, नैतिक मतदान की ली शपथ



**रायसेन।**

लोकसभ आम निर्वाचन-2024 में अधिकाधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को नगर पालिका रायसेन द्वारा शास.स्वमा विवेकानंद महाविद्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रायसेन एसडीएम श्री पीसी शाक्य द्वारा सभी को लोकसभा निर्वाचन में बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। रैली में सीएमओ रायसेन सुश्री सुरेखा जाटव, जनशिक्षक श्री सूर्यप्रकाश सक्सेना सहित अन्य अधिकारी और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### मतदान केन्द्रो पर चार्जेबल एलईडी की व्यवस्था करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत 7 मई को होने वाले मतदान के दौरान जिले के सभी पांचो विधानसभा क्षेत्रों के कुल 1341 मतदान केन्द्रों पर चार्जेबल एलईडी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा, जिले के समस्त निकायो के अधिकारियों के साथ-साथ जनपदो के सीईओ और एकीकृत बाल विकास परियोजना के समस्त परियोजना अधिकारियों को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

## बजाज फाइनेंस कंपनी के साथ लाखों की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पीथमपुर।**

बजाज फाइनेंस कंपनी शाखा पीथमपुर द्वारा थाना सेक्टर 1 पीथमपुर पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी पूर्वक ऋण लेने संबंधी आवेदन दिया गया। जिसकी जांच करते पाया कि बजाज कंपनी का कर्मचारी अनिकेत पिता पवन पटेल खंडवा थाना सागोर जिला धार के द्वारा बजाज कंपनी के कस्टमर के दस्तावेजों में मोबाइल के द्वारा ऑनलाइन एप के मदद से कूटरचना कर अपने साथी दुकानदारों की मदद से उक्त ग्राहकों के नाम पर बजाज फाइनेंस कंपनी से इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर भारी ऋण ले रहा था तथा बजाज फाइनेंस से अधिकृत दुकानदारों द्वारा जिनके नाम से ऋण प्राप्त हुआ है उन ग्राहकों को वस्तु न देकर बजाज के कर्मचारी अनिकेत को ऋण की रकम का नगद भुगतान किया जा रहा था। जिस पर थाना सेक्टर एक पीथमपुर पर अपराध क्रमांक 211 /24 धारा 420, 467, 468 471 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना बजाज फाइनेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में होने तथा कीमती लाखों रुपए का ऋण धोखाधड़ी पूर्वक प्राप्त करने घटना होने पर श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री मनोज कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार डॉक्टर इंद्रजीत बाकलवार द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगर पुलिस अधीक्षक पीथमपुर अमित मिश्रा को जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके तारतम में थाना प्रभारी सेक्टर एक पीथमपुर संतोष दूधी व टीम द्वारा बजाज फाइनेंस कंपनी के सेल्स एग्जीक्यूटिव अनिकेत पिता पवन पटेल जाति उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम खंडवा थाना सागोर जिला धार को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया ।संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सेक्टर 1 पीथमपुर थाना प्रभारी संतोष दूधी व उनकी टीम सहायक उप निरीक्षक रविंद्र चौधरी मनीष, संदीप, विशाल ,राहुल हिरवे, राहुल गोडाले, आरक्षक प्रमोद व सैनिक शंकर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## सिंधी समाज ने धार्मिक आयोजन के दौरान किया रक्तदान

**जबलपुर।** सिंधी समाज जबलपुर द्वारा बुधवार को सिंधु भवन सिंधी धर्मशाला घंटाघर जबलपुर में ब्रम्हलीन स्वामी लीला शाहजी महाराज के 144 वें जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिकबंधुओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजकों ने बताया कि एकत्रित शिविर थैलेसीमिया, सिकिलसेल व अन्य बीमारियों से पीड़ितों के काम आएगा। समाज के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन करने का प्रमुख उद्देश्य ब्लड बैंकों में ब्लड की कमी को दूर करना व पीड़ितों को समय पर ब्लड मिल सके, इसके लिए सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित करना था। आयोजन के दौरान श्री साईं कृष्णा म्युजिकल ग्रुप गोधरा गुजरात के कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही आयोजन में आने वाले तमामजनों को महाप्रसादी के रूप में भोजन भी करवाया गया। आयोजन के दौरान विशेष रूप से संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान लाड़ी लोहाणा सिंधी समाज के शंकरलाल खत्री, सांवलदास खत्री, जेठानंद खत्री, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, हरि रोहाणी, शम्मनदास आसवानी, बच्चामल बचानी, मोहनदास खत्री, जामनदास खत्री, मोहनदास शेवकानी, आसनदास नाथानी, ईश्वरलाल नाथानी, आदि मौजूद रहे।

## 108 महिलाओं ने एक साथ दिए गणगौर में झाले

**सीहोर।**

**इस वर्ष भी अग्रवाल महिला मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल और सोनी महिला मंडल के तत्वाधान में शक्ति और भक्ति का पर्व गणगौर आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।**



मंगलवार को शहर के तहसील चौराहे के समीपस्थ मानक बाग में संयुक्त रूप से 108 महिलाओं ने एक साथ गणगौर की पूजा अर्चना के साथ झाले दिए। इस दौरान मंगलवार को मानक बाग में ज्योति रुठिया के द्वारा महिलाओं का स्वागत-सत्कार किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया कि माहेश्वरी महिला मंडल श्रीमती आभा कासट, सोनी महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता सोनी के मार्गदर्शन में गणगौर का पर्व महिलाओं के द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। हर दिन शहर के एक निर्धारित स्थान पर सामूहिक रूप से महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है। मंगलवार को सामूहिक रूप से गणगौर पर्व मनाया गया था। इस दौरान महिलाओं ने भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के बेहतर स्वास्थ्य की कामना को लेकर 108 राम नाम की माला के अलावा सभी महिलाओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## नौलखी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए अन्नदान का सिलसिला प्रारंभ

**गंजबासौदा।**

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर 10 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में गांव-गांव से अन्न के रूप में गेहूं और चने के दान आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। समीपस्थ ग्राम डफरआई से बुधवार को एक ट्राली गेहूं और चने की पहली खेप आश्रम पर पहुंची।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए अन्नदान के लिए 60 गांवों की सूची आश्रम को प्राप्त हुई है जहां से ग्रामीणों द्वारा चने और गेहूं का दान भेजा जा रहा है। इसके अलावा भी आश्रम पर प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्र से भंडारे के लिए दानदाताओं द्वारा खाद्यान्न की सामग्री भेजी जा रही है। इधर आश्रम पर चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्यों की तैयारियों को देखने के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के भी श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। ज्ञात रहे कि वेत्रवती घाट पर स्थापित दशकों पुराने नौलखी आश्रम के जीर्णोद्धार के बाद आगामी 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले भगवान जगदीश स्वामी,राम दरबार के नवीन विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा सहित 33 कुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ के साथ रामलीला और राम कथा का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन के दौरान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नगर,ग्रामीण क्षेत्र से लाखों श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में महंतों,महामंडलेश्वरों सहित विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से साधु संतों की जमातों के शामिल होने की जानकारी है।

साकेतवासी जगन्नाथदास जी महाराज द्वारा आयोजित कराए गए तुलसी विवाह के बाद यह विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में सहभागिता के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा पूरे उत्साह से सहयोग किया जा रहा है।

## दाहोद ग्राम पंचायत में नाली निर्माण में गिट्टी की जगह हो रहा डस्ट का प्रयोग

औबेदुल्लागंज। जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य गुणवत्ता के अनुसार नहीं हो रहे हैं। उपयंत्री व सहायक यंत्री को केवल पांच प्रतिशत कमीशन से मतलब रह गया है। कोई भी जिम्मेदार मौके पर जाकर निरीक्षण नहीं करते हैं। पंचायतों ने भी ठेके पर निर्माण कार्य देना शुरू कर दिया है। जिससे पंचायतों में घटिया निर्माण कार्य हो रहे हैं।



ताजा मामला ग्राम पंचायत दाहोद का है, यहां ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नाली निर्माण पंचायत के द्वारा हो रहा है, जिसमें गिट्टी जगह डस्ट का उपयोग हो रहा है। गिट्टी नाममात्र की उपयोग हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अन्य निर्माण सामग्री भी स्टीमेंट के अनुसार उपयोग नहीं की जा रही है। जिससे नाली अन्य निर्माण कार्य की तरह ज्यादा दिन नहीं चल पाऐगी। इस संबंध में हमने पंचायत सचिव कमल पाल से संपर्क करना चाहा, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ग्रामीणों ने बताया कि नाली का ठेका पंचायत ने एक ठेकेदार को दिया है, जो घटिया कार्य कर रहा है।

**इनका कहना है:** यदि नाली का घटिया निर्माण कार्य हो रहा है तो मैं दिखवाता हूं।

## कलेक्टर ने किया वाटरशेड विकास परियोजनाओं के कार्यो का निरीक्षण

**शाजापुर।**

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास परियोजनाओं के तहत किए गए एवं प्रगतिरत कार्यों का बुधवार को कलेक्टर ऋजु बाफना ने निरीक्षण किया। उन्होने ग्राम पंचायत सिमरोल शा में वाटरशेड योजना से निर्मित कृषक सुविधा केन्द्र ( कस्टम हायरिंग सेंटर ) का निरीक्षण किया तथा भविष्य में इस सेंटर के माध्यम से होने वाली गतिविधियों की समीक्षा की।**



कलेक्टर ने कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवंटित भूमि पर पंक्तिबद्ध विविध प्रकार के पौधे लगाने, पशुपालन विभाग के अभिसरण से बकरी पालन एवं मुर्गी पालन की यूनिट स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने परिसर में आय मूलक गतिविधियों कर आमजन को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होने कृषक उत्पादक संगठन के सदस्यों से चर्चा भी की। कृषि क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यो के अवलोकन के लिए कृषक उत्पादक संगठन के सदस्यों को एक्सपोजर विजिट करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गाम पंचायत सिमरोल शा में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास परियोजनाओं के तहत प्रगतिरत 02 रिचार्ज शाफ्ट एवं 01 चेक डेम कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने चेक डेम के कार्य की फिनिशिंग करने के निर्देश दिए और रिचार्ज शाफ्ट के कार्यो को तकनीकी मापदंड अनुसार पूर्ण करने के लिए भी कहा।

वहीं ग्राम पंचायत बरनावद में कलेक्टर ने वाटरशेड योजना से निर्मित तालाब कार्य का निरीक्षण करते हुए तालाब की पाल के उपरी हिस्से को और अधिक दबाने के लिए कहा। ग्राम पंचायत सारसी में वाटरशेड योजना से निर्मित तालाब कार्य का निरीक्षण कर तालाब के केचमेंट क्षेत्र में पहाड़ियों पर मनरेगा योजना से कण्टुर ट्रेंच, गली प्लग एवं वर्षा ऋतु में बीज रोपण के कार्य करने के निर्देश दि। निरीक्षण के दौरान मौजूद आमजन ने कलेक्टर को अवगत कराया कि ग्राम में पेयजल एवं रास्ते की समस्या है, इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने बरनावद एवं सतगांव में पेयजल योजना के कार्य का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विजयसिंह चौहान, तहसीलदार सुनील पाटिल, जनपद पंचायत सीईओ अमृतराज सिसोदिया, वाटरशेड परियोजना अधिकारी विश्वास तारे सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।